**बुधवार**
20 जुलाई 2022



**पृष्ठ 4**
**हेल्दी ड्रिंक्स पीने से नहीं होगी शरीर में पानी की कमी**



**पृष्ठ 5**
**एक्शन फिल्म में साथ नजर आएंगे शाहरुख और सलमान?**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 164
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

अधिकार जताने से अधिकार सिद्ध नहीं होता।
रवीन्द्रनाथ ठाकुर

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## कांवड़ियों के पैर पखारे, लिया आशीष



विशेष संवाददाता

हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज डाम कोठी गंगा घाट पर एक कार्यक्रम के दौरान कांवड़ियों को फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया तथा उनके पैर पखार कर आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि में कांवड़ियों का स्वागत है उन्होंने कहा कि शिव भक्त कांवड़ियों में उन्हें भगवान शिव के दर्शन होते हैं। धामी ने कहा कि इस बार चारधाम यात्रा की तरह कांवड़ यात्रा में भी रिकॉर्ड श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। सरकार

**❑मुख्यमंत्री ने किया कांवड़ियों का स्वागत**
**❑नहीं बंद होगी कावड़ यात्रा, नियमों का करें पालन**

ने कांवड़ यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो इसकी समुचित व्यवस्था की गई है। यहां आज मुख्यमंत्री ने पहले कांवड़ियों को फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया इसके बाद मंत्रोंच्चारण के बीच सीएम धामी ने उनके पैर पखारे। इस दौरान कांवड़ियों ने भी मुख्यमंत्री के सिर पर हाथ रखकर उन्हें आशीष दिया तथा उनके द्वारा कांवड़ यात्रा के लिए किए गए प्रबंधनों की सराहना की गई। इन कांवड़ियों का कहना था कि वह सीएम धामी की से सहृदयता और कांवड़ यात्रा प्रबंधों के लिए हृदय से उनका आभार व्यक्त करते हैं। इस अवसर पर कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता तथा अधिकारी मौजूद रहे। सीएम ने इस अवसर पर पौधारोपण भी किया।

उधर आपदा प्रबंधन सचिव रंजीत सिंह का कहना है कि मानसूनी बारिश के अलर्ट के बीच भी कांवड़ यात्रा जारी रहेगी। कांवड़ यात्रा को रोका नहीं जाएगा। उन्होंने कांवड़ियों से अनुरोध किया है कि वह सरकार द्वारा तय नियमों का पालन करें। उन्होंने कांवड़ियों से मौसम का ध्यान रखने की भी बात कही। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके बाद कांवड़ यात्रा मार्गों का हवाई सर्वेक्षण कर मार्गों की स्थिति का भी जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि कांवड़ यात्रा 28 जुलाई तक चलेगी।

## निर्माणाधीन पुल ढहा, दो मजदूरों की मौत

विशेष संवाददाता

रूद्रप्रयाग। आज सुबह बदरीनाथ हाईवे पर नरकोटा के पास निर्माणाधीन पुल की शटरिंग गिरने से बड़ा हादसा हो गया। साइड पर काम कर रहे 10 मजदूर शटरिंग गिरने से दब गए। जिनमें से आठ को रेस्क्यू कर जिंदा बाहर निकाला गया जबकि दो मजदूरों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में आठ मजदूर घायल हुए हैं जिनमें से दो की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

**●आठ घायलों में दो की हालत गंभीर**
**●बदरीनाथ हाईवे पर नरकोटा में हुआ हादसा**
**●निर्माणदायी कंपनी के खिलाफ जांच के आदेश**

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना आज सुबह उस वक्त घटित हुई जब यहां पुल के निर्माण का कार्य चल रहा था। इस दुर्घटना के दौरान लोहे की शटरिंग गिर जाने से यहां काम कर रहे 10 मजदूर दब गए। दुर्घटना की सूचना मिलने पर एसडीआरएफ की टीम और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। बाहरी हिस्से में दबे 8 मजदूरों को आसानी से बाहर निकाल लिया गया लेकिन अंदर दबे दो मजदूरों को बाहर निकालने के लिए कटर मशीन का इस्तेमाल करना पड़ा। कई घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सभी लोगों को बाहर तो निकाल लिया गया लेकिन इस बीच 2 लोगों की मौत हो गई।

बचाव राहत कार्य में जुटे लोगों द्वारा सभी घायलों को जिला अस्पताल रूद्रप्रयाग लाया गया। अस्पताल के डॉक्टर राजीव पाल द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर 10 घायलों को यहां लाया गया था। जिनमें से 2 लोग पहले ही दम तोड़ चुके थे। दुर्घटना में घायल 8 में से दो मजदूरों की हालत नाजुक बनी हुई है। जिसे देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। जबकि छह अन्य घायलों का इलाज जिला अस्पताल में ही किया जा रहा है।

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर


## अस्पताल परिसर में महिला ने दिया बच्चे को जन्म, 5 डॉक्टरों पर गाज गिरी

नई दिल्ली । दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल यह परिसर में एक गर्भवती महिला के बच्चे को जन्म देने वाले वीडियो वायरल हो जाने के बाद इस मामले में भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से एक टीम को जांच के लिए भेजा गया। टीम ने गर्भवती महिला द्वारा अस्पताल परिसर में बच्चे को जन्म दिया जाने को लेकर जांच पड़ताल की। मंत्रालय ने इस मामले में उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। वहीं 5 डॉक्टरों को ड्यूटी से हटा दिया गया है, जो उस वक्त ड्यूटी पर थे। फिलहाल नवजात बच्ची और महिला का सफदरजंग अस्पताल में इलाज चल रहा है। गौरतलब है कि दिल्ली के सफदरजंग हॉस्पिटल कैंपस में एक महिला की डिलीवरी साड़ी के घेरे में कराई गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। ये वीडियो सोमवार देर शाम की है। महिला के परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल में भर्ती नहीं किया गया, ऐसे में मजबूरी में साड़ी का घेरा बनाकर महिला की डिलीवरी कराई गई। मामला पुलिस तक पहुंच गया। दिल्ली पुलिस के संज्ञान में भी वायरल वीडियो आया है। दक्षिण पश्चिमी जिले की पुलिस ने बताया कि गाजियाबाद की 30 वर्षीय महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि सफदरजंग अस्पताल में डिलीवरी के लिए गई थी, लेकिन अस्पताल ने भर्ती नहीं किया। इसलिए अस्पताल परिसर में ही बच्चे को जन्म देने के लिए मजबूर होना पड़ा। हालांकि बाद में अस्पताल की तरफ से सफाई दी गई।

## सिद्धू मूसेवाला की हत्या के आरोपी दो शूटर मुठभेड़ में ढेर, 3 जवान जख्मी

अमृतसर। अमृतसर में पंजाब पुलिस ने गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या में कथित तौर पर शामिल दोनों शूटर को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। इस दौरान पंजाब पुलिस के तीन जवान जख्मी हो गए। जगरूप सिंह रूपा और मनप्रीत सिंह उर्फ मन्नू कुसा गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या में कथित तौर पर शामिल थे।

घटना के बाद ये दोनों फरार हो गए थे। दोनों के भकना गांव में छिपे होने की सूचना मिलने के बाद पंजाब पुलिस ने इलाके की घेराबंदी की। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। करीब तीन घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद दोनों को ढेर कर दिया



गया। ये एनकाउंटर अमृतसर जिले के अटारी में पाकिस्तान की सीमा से सटे चिचा भकना गांव में हुआ।

बताया जा रहा है कि ये गैंगस्टर गांव की पुरानी हवेली में छिपे थे। पंजाब पुलिस को जानकारी मिली थी कि सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड से जुड़े गैंगस्टर गांव में छिपे हो सकते हैं। जिसके बाद पंजाब पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया और इस दौरान दोनों तरफ से फायरिंग हुई। गौरतलब है कि गायक शुभदीप सिंह सिद्धू उर्फ सिद्धू मूसेवाला की 29 मई को मानसा गांव में कुछ लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# महंगाई की मार, सीमा पार

भले ही देश का आम आदमी बढ़ती महंगाई के बोझ से बेहद परेशान हो लेकिन सत्ता में बैठे लोग इसे आम आदमी की समस्या नहीं मानते हैं उन्होंने अनेक ऐसे मुद्दों को इतने जोर शोर से हवा में उछाल रखा है कि विपक्ष का विरोध नक्कारखाने में तूती की आवाज बनकर रह गया है। देश की अर्थव्यवस्था को इन दिनों विश्व की सबसे तेज रफ्तार वाली अर्थव्यवस्था के रूप में प्रचारित किया जा रहा है जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में रुपया अपने रिकॉर्ड कमजोर स्तर पर पहुंच चुका है जो वर्तमान में डॉलर के मुकाबले 80-85 पर है रुपए के मूल्य में 2014 के बाद 30 फीसदी की यह गिरावट न सिर्फ चिंताजनक है बल्कि अर्थव्यवस्था पर बड़े संकट का संकेत है। केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने अभी संसद में रुपए के मूल्य में 25 फीसदी की गिरावट की बात को स्वीकार किया था। रुपए की इस गिरावट के कारण रिजर्व बैंक द्वारा ब्याज दरों में कमी की संभावनाएं समाप्त हो चुकी है वहीं आयात भुगतान पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ना तय है। लोगों को अब कर्ज तो महंगा मिलेगा ही इसके साथ ही सरकार भी पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस की कीमतों में अगर बढ़ोत्तरी करती है जो पहले से ही रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच चुकी है तो इसका जन विरोध भी स्वाभाविक तौर पर होना तय है। सरकार अब दूध, दही, पनीर और छाछ जैसी खाद्य वस्तुओं पर भी जीएसटी वसूल कर अपनी आय को बढ़ाने का प्रयास कर रही है। कराधान की भी अपनी नीतियां और सिद्धांत है अगर इनका सही से अनुपालन नहीं होता है तो देश की अर्थव्यवस्था और विकास तो प्रभावित होता ही है साथ ही आम आदमी की मुश्किलें अगर हद पार कर जाती है तो फिर श्रीलंका और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत जैसे हालात पैदा हो जाते हैं। सरकार अन्य समस्याओं और मुद्दों पर बहुत लंबे समय तक जनता का ध्यान भटका कर नहीं रख सकती है। सरकार द्वारा दुग्ध उत्पादों पर जो जीएसटी लागू की गई है उसका किसानों या पशुपालकों को कोई फायदा नहीं होगा? इसका फायदा सिर्फ सरकार को होगा क्योंकि पेजिंग कंपनियों ने भी इस टैक्स को उपभोक्ताओं की जेब पर डाल देना है इसलिए उन्हें इससे कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। अच्छा होगा कि सरकार सिर्फ अपने टैक्स संग्रह पर ही नजर न रखें बल्कि आम जनता के हितों को भी ध्यान में रखकर काम करें। केंद्र की भाजपा सरकार जो लोगों को अच्छे दिन लाने का भरोसा देकर सत्ता में आई और सत्ता में बनी हुई है बीते 8 सालों में आम आदमी के कितने अच्छे दिन लाई है? किसानों की आय दोगुना करने वाली सरकार ने किसानों की आय में कितना इजाफा किया है? इस पर सत्ता में बैठे लोगों को विश्लेषण करने की जरूरत है। सिर्फ जीएसटी की रिकॉर्ड आय पर खुश होना पर्याप्त नहीं है वरना जनता सरकार का एक न एक दिन हिसाब जरूर करेगी?

# नोटों की कांवड़ लेकर शिवभक्त पहुंचे हरिद्वार



नगर संवाददाता

हरिद्वार। नोटों की कांवड़ लेकर धर्मनगरी में शिवभक्त कांवड़िया पहुंचे। मुख्य आकृषण का केन्द्र रहे नोटों की यह कांवड़ सौ सौ के नोटों से बनायी गयी है जिसमें कुल एक लाख तीस हजार के नोट लगाये जाने की बात कही जा रही है।

शिव भक्त कांवड़ियां अपनी मनोकामनाएं लेकर धर्म नगरी में पहुंच रहे हैं। नोटों से बनी दिव्य भव्य कावड़ बनाने वाले कावड़िए दिल्ली से धर्म नगरी हरिद्वार पहुंचे। राहुल मीणा,सागर राणा , रवि राणा,सुमित राणा ने कहा कि भगवान शिव भक्तों की सूक्ष्म आराधना से ही प्रसन्न हो जाते हैं। श्रावण मास में प्रतिवर्ष दिल्ली से भारी संख्या में कांवड़िये शिव की नगरी में पहुंचते हैं।

नोटों की कांवड़ लाने वाले राहुल मीणा ने कहा कि हरिद्वार पुलिस प्रशासन शिवभक्त कावड़ियों का भरपूर सहयोग कर रहा है। किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आ रही है।भगवान शिव का गुणगान करते हुए दिल्ली के कावड़िए रवाना हुए। नोटों की कावड़ देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई।

# भारी बारिश की सम्भावना को देखते हुए लगातार अलर्ट रहने की जरूरतः सीएम

संवाददाता



देहरादून। राज्य में भारी बरसात के अलर्ट के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय स्थित आपदा कंट्रोल रूम जाकर राज्य की स्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारी बारिश की सम्भावना को देखते हुए लगातार अलर्ट रहने की जरूरत है। आपदा को लेकर की गयी तैयारियों का नियमित रूप से परीक्षण किया जाए। कोई भी कमी पाए जाने पर तुरंत सुधार किया जाए। किसी भी अधिकारी का मोबाईल स्विच ऑफ न हो। इसमे कोई बहाना नहीं चलेगा। अपनी ड्यूटी में लापरवाही करने पर संबंधित के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए।

जिलाधिकारी अपने जिलों की स्थिति के अनुसार स्कूलों में छुट्टी के संबंध में निर्णय लें। किसी तरह की असावधानी न बरती जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि खाद्यान्न, दवाइयां, ईंधन आदि आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई को एक बार फिर से चेक कर लिया जाए। संचार नेटवर्क में कोई समस्या न आए इसके लिये मोबाईल आपरेटर कम्पनियों से लगातार समन्वय रखा जाए।

मुख्यमंत्री ने ऐसा सिस्टम बनाने को कहा कि राज्य मुख्यालय से प्रसारित सूचना गांव गांव तक अविलंब पहुंच जाए। सभी विभागीय सचिव और विभागाध्यक्ष आपदा की दृष्टि से अपने-अपने विभागों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करे। आपदा की स्थिति में प्रभावितो के रहने के लिये चिन्हित भवनों और स्थानों का फिर से सुरक्षा की दृष्टि से परीक्षण किया जाए। नये व युवा अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए।

बताया गया कि पर्याप्त संख्या में एसडीआरएफ व एनडीआरएफ की टीमें तैनात हैं। रियल टाईम मानिटरिंग की जा रही हैं। भूस्खलन से रास्ते बंद होने पर तुरंत खोलने के लिए विभिन्न स्थानों पर जेसीबी आदि लगाई गयी हैं। अधिकारियों व कर्मचारियों की दीर्घकालिक अवकाश पर रोक है। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ एस एस संधु, सचिव डॉ रंजीत सिन्हा व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# दो मोटरसाईकिल चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने दो स्थानों से मोटरसाईकिलें चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कैनाल रोड निवासी प्यारा सिंह ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह किसी काम से जीआरडी एकेडमी गया था। उसने अपनी मोटरसाईकि एकेडमी के गेट नम्बर एक पर खडी कर दी थी। लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। वहीं तेलीवाला निवासी मौहम्मद बिलाल ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह जीवनवाला हाट बाजार में गया था तथा उसने अपनी मोटरसाईकिल बाजार के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसकी मोटरसाईकिल गायब थी। पुलिस ने दोनों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्र शुक्रैतु देवी मनीषा अस्मत्सुतष्टो रथो न वाजी।

(ऋग्वेद ७-३४-१)

जिस प्रकार उषा सुंदर बने हुए रथ पर चढ़कर सुबह आती है और अंधकार को दूर कर देती है। हम प्रार्थना करते हैं कि उसी प्रकार दिव्य बुद्धि भी हमारे पास आए और हमारे अज्ञानता के अंधकार को दूर कर दे।

Just as dawn comes in the morning on a beautiful chariot and dispels the darkness. We pray that, in the same way, the divine intellect also comes to us and dispels the darkness of our ignorance. (Rig Ved 7-34-1)

# विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की डीजीपी से मुलाकात

देहरादून (सं)। शहर में चल रहे नशे के कारोबार सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डीजीपी से मुलाकात कर उनको ज्ञापन सौंपा।

आज यहां महानगर कांग्रेस के पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के पुलिस महानिदेशक से उनके कार्यालय में मुलाकात कर उनको एक पत्र सौंपा। पुलिस महानिदेशक को सौंपे पत्र में लालचन्द शर्मा ने कहा कि राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार से जुडे असामाजिक तत्वों की ओर आकर्षित कराना चाहता हूं। जहां एक ओर देहरादून महानगर के विभिन्न क्षेत्रों जिनमें पटेलनगर, मेहूवाला, राजीव नगर, डालनवाला, बिन्दाल बस्ती, मित्रलोक कॉलोनी, जवाहर कॉलोनी, निम्बूवाला डीडी कॉलेज के पास, चोरखाला व डाकरा हवा घर के पास, पूरण बस्ती भाग दो, आर्य नगर आदि क्षेत्रों में विगत काफी लम्बे समय से नशीले पदार्थों के कारोबार को खुलेआम चलाया जा रहा है। नशीले पदार्थों के इन कारोबारियों द्वारा स्थानीय पुलिस की मिली भगत से उत्तराखण्ड की राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में अपना मकडजाल बिछाया जा रहा है जो कि आने वाले समय में उत्तराखण्ड के युवाओं को नशे की ओर धकेलने का काम करेगा। लालचन्द शर्मा ने यह भी अवगत कराया कि गढी चौक से शिव मूर्ति तिराहे तक अवैध सब्जी की ठेलियां सडकों पर लगाई जा रही हैं जिससे पूरे दिन जाम की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि 14 जुलाई को नगर निगम द्वारा चलाये गये अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान महानगर के वार्ड नम्बर 32, बल्लुपुर के कौलागढ़ रोड पर होटल चटनी मैरी के सामने कॉम्प्लेक्स स्वामी द्वारा नगर निगम के नाले को पाट कर सी.सी. निर्माण करा दिया गया था। इसका विरोध करते हुए स्थानीय पार्षद कोमल वोहरा ने शिकायती पत्र के माध्यम से मेयर नगर निमग आयुक्त नगर निगम, स्वास्थ्य अधिकारी को अवगत करा दिया गया। नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाया गया तो कॉम्प्लेक्स स्वामी द्वारा नगर निगम अधिकारीं को सरेआम धमकियाँ दी गई तथा महिला पार्षद को भी सरेआम गाली गलौच करके जान से मारने की धमकी दी गई। इसकी भी शिकायत जल संस्थान से की गई है। महिला पार्षद तथा उनके पति दीप वोहरा को जान से मारने की धमकी दी गई जिसकी तहरीर बिंदाल चौकी प्रभारी को दे दी गई। उन्होंने पुलिस महानिदेशक से अनुरोध किया कि मामले का संज्ञान लेते हुए मामले में उचित कार्रवाई हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करें। प्रतनिधिमण्डल में पूर्व विधायक राजकुमार, आनन्द त्यागी, अनुराग गुप्ता, मीना रावत, कोमल बोहरा, संगीता गुप्ता, अमृता कौशल, प्रवेश त्यागी, सुनील बांगा एवं रीता रानी शामिल थे।



# चारा छीनने व महिलाओं को गिरफ्तार करने का किया विरोध



कार्यालय संवाददाता

देहरादून। चमोली के हेलँग में महिलाओं का पशुओं का चारा छीन कर की गई गिरफ्तारी, दुर्व्यवहार व स्थानीय हक – हकूक पर हमला के सम्बंध में उत्तराखण्ड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में महिलाओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन प्रेषित किया।

ज्ञापन में कहा गया है कि गत दिनों राज्य के चमोली जनपद के हेलेंग में अपने पशुओं के लिए घास चारा ला रही महिलाओं से उनकी घास छीन कर पुलिस ने उनके साथ दुर्व्यवहार कर उनको गिरफ्तार तक किया है। उपरोक्त शर्मनाक घटना, उत्तराखंड की अस्मिता व स्वाभिमान के ऊपर एक हमला है। उक्त घटना से हम सब बहुत शर्मिंदा है। सर्वविदित है कि उत्तराखंड की माता बहने अपने पशुओं के लिए चारा घास आदि एकत्रित कर परिवार के जीवन यापन में सहयोग करती हैं। कमरतोड़ महंगाई की मार से त्रस्त माता– बहनों के साथ किया गया दुर्व्यवहार समस्त मातृ शक्ति का अपमान है।

राज्य सरकार एक और तो घसियारी जुमले योजना की घोषणा कर रही है, वही महिलाओं के हाथ से उनकी घास छीन कर उन्हें गिरफ्तार कर दंडित कर अपमानित भी कर रही है, यही घास उनकी आर्थिकी की गठरी भी है। राज्य गठन में मातृ शक्ति बलिदान को भी यह सरकार अपमानित कर स्थानीय जनता के हक – हकूक पर अतिक्रमण कर रही है , कभी एसा हक – हकूकों पर हमला गुलाम भारत में अंग्रेज किया करते थे। मुख्यमंत्री को इस घटना के लिए मातृ शक्ति से क्षमा याचना भी करनी चाहिए। इस अवसर पर ज्योति रौतेला, लक्ष्मी अग्रवाल, चन्द्रमा आदि महिलाएं शामिल थी।

# कांवड़ सेवा शिविर का उद्घाटन



नगर संवाददाता

देहरादून। गाजियाबाद के दिग्गज कांग्रेसी नेता व शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज के सानिध्य में प्रह्लादगढीन में आयोजित कांवड़ सेवा शिविर के उद्घाटन के अवसर पर आज उत्तराखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप,जिला गाजियाबाद कांग्रेस अध्यक्ष विजेंद्र यादव, उत्तर प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के सचिव जितेंद्र गौड़ और सीओ सिटी अभय कुमार मिश्रा शामिल हुए।

कांग्रेस की उत्तराखंड प्रदेश कमेटी के उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री धीरेंद्र प्रताप ने इस मौके पर वहां पहुंचे कावड़ियों की जहां एक और सेवा में भाग लिया वही कहा कि शिव भक्ति ही व्यक्ति को मोक्ष दिला सकती है और अच्छा आचरण ही हमें शिव भक्तों में शामिल कर सकता है। शिविर के संयोजक नरेंद्र भारद्वाज बताया कि यह शिविर पिछले 35 वर्षों से सतत शिव भक्तों की सेवा करता रहा है और अब भी आज से शुरू होने वाला शिविर जलाभिषेक के दिन तक जारी रहेगा।

इस मौके पर सैकड़ों शिव भक्तों राजनीतिक सामाजिक नेताओं और पत्रकारों ने शिविर में भाग लिया।

# रायल्टी की दरों में पांच गुना बढ़ोतरी को निरस्त करने की मांग

हमारे संवाददाता



देहरादून। लोक निर्माण विभाग के कार्यों में रायल्टी की दरों में पांच गुनी बढ़ोतरी को निरस्त किए जाने एवं रॉयल्टी की कटौती पूर्व की भांति रखे जाने के सम्बन्ध में बुधवार को पर्वतीय ठेकेदार संघ समिति, पौड़ी गढ़वाल के शिष्टमंडल ने उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण से देहरादून स्थित उनके शासकीय आवास पर भेंट की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने ठेकेदार संघ को आश्वस्त करते हुए इस संबंध में मुख्यमंत्री से वार्ता करने की बात कही।

ठेकेदार संघ के पदाधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष को अवगत किया कि लोक निर्माण विभाग के कार्यों में रायल्टी की दरों में पांच गुनी बढ़ोतरी से छोटे और मध्यम स्तर के ठेकेदार विभाग की निविदा ही नहीं ले पाएंगे। इससे उनके समक्ष रोजी रोटी का संकट खड़ा होगा। ठेकेदारों ने रायल्टी बढ़ाए जाने का फैसला वापस लिए जाने की मांग की। उन्होंने कहा की सरकार द्वारा जारी खनन संबन्धी जारी नियमों को पूर्ण करना ठेकेदार के लिए असंभव हैं। ठेकेदारी व्यवसाय से जुड़े सभी लोगों के समक्ष आजीविका का संकट व्याप्त हैं तथा प्रदेश भर के सभी ठेकेदार व ठेकेदार संघ आकोशित हैं। ठेकेदारों ने इस विषय की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए विधानसभा अध्यक्ष से शासनादेश को मुख्यमंत्री के द्वारा अविलम्ब

**❑पर्वतीय ठेकेदार संघ समिति, पौड़ी गढ़वाल के शिष्टमंडल ने विस अध्यक्ष से की भेंट**

निरस्त करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने ठेकेदारों की बात सुनने के बाद लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव आरके सुधांशु एवं खनन सचिव पंकज पांडे से दूरभाष पर वार्ता की एवं संबंधित विषय के शासनादेश के बारे में जानकारी ली।उन्होंने ठेकेदार संघ को आश्वस्त करते हुए इस संबंध में मुख्यमंत्री से भी वार्ता करने की बात कही। इस अवसर पर कैलाश चंद सकलानी, किशोर लखेडा, सुरेश नैनवाल, अनुज भट्ट, सुरेंद्र सिंह, प्रदीप भंडारी, दिलबर सिंह रावत, विनोद जुयाल, देवेंद्र पाल सिंह, प्रकाश भारद्वाज, दीपक जखमोला, राकेश काला, विनोद रावत, दिनेश रावत, असलम अली, कपिल कुमार, अखिलेश भट्ट, अनुज भट्ट, विनय पाल, शिवदयाल नेगी, राकेश बहुखंडी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# प्रशिक्षनार्थियों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

कार्यालय संवाददाता



काशीपुर। भाजपा के काशीपुर में चल रहे तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग में आज प्रात: 5.30 बजे सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया।

योगाभ्यास के बाद प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय ने 'करो योग रहो निरोग' का संदेश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे विश्व में योग को नई पहचान दी है ।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से स्वस्थ शरीर के लिए स्वस्थ मस्तिष्क का होना आवश्यक है उसी प्रकार से स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ मस्तिष्क के लिए योगाभ्यास एवं व्यायाम आवश्यक है इसलिए अपने व्यस्तता से अपने स्वास्थ्य के स्वस्थ रखने के लिए योग एवं व्यायाम निरंतर करते हुए अपने जीवन के नियमित कार्यों का हिस्सा बनाना चाहिए । योगाभ्यास में सभी प्रशिक्षनार्थियों ने भाग लिया ।

# राउपा ने रायपुर में विधानसभा व सचिवालय निर्माण का किया विरोध

कार्यालय संवाददाता




देहरादून। राष्ट्रीय उत्तराखण्ड पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रायपुर क्षेत्र में तीसरी विधानसभा व सचिवालय निर्माण के विरोध में डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में कहा गया है कि हम जनता के विरोध को देखते हुये देहरादून क्षेत्र में तीसरी विधानसभा व सचिवालय निर्माण का पुरजोर विरोध करते हैं। उत्तराखण्ड को बने हुये लगभग बाईस वर्ष हो गये हैं। पूर्व की सरकारों ने स्थायी राजधानी आज तक भी घोषित नहीं कर पायें है। जिस पर करोड़ो रुपये लगा दिये गये है व गैरसैण में भी राजधानी के नाम पर करोड़ो खर्च कर दिये गये हैं। वर्तमान में देहरादून के रायपुर क्षेत्र में एक और राजधानी बनाने के नाम पर विधानसभा, सचिवालय की बिल्डिंग व आवास बनाने की कोशिश की जा रही है, जिसमें रिजर्व फॉरेस्ट के जंगल काटे जायेंगे। राष्ट्रीय उत्तराखण्ड पार्टी वहां पर राजधानी बनाने का पुरजोर विरोध करती है क्योंकि वह क्षेत्र रिजर्व फॉरेस्ट का है। जहां पर जंगली जानवरों हाथियों का कोरिडोर है और यहां से जानवर सहस्त्रधारा व मालदेवता की तरफ आते – जाते हैं। यह क्षेत्र सेना की फायरिंग रेंज भी है। जिसके गोले आदि इधर – उधर गिरते रहते हैं, जिससे इस क्षेत्र में जनहानि भी होती रहती है।

ज्ञापन में कहा गया है कि सुरक्षा की दृष्टि से यहां पर विधानसभा आदि बनाना खतरे से खाली नहीं है। तीन राजधानियों के नाम पर करोड़ो रुपये बर्बाद किये जायें, वैसे ही उत्तराखण्ड की जनता बेरोजगारी, पलायन आदि से परेशान हैं। जंगल कटने पर पर्यावरण को भी खतरा है। इस क्षेत्र में राष्ट्रीय उत्तराखण्ड पार्टी के कार्यकर्ता व जनता में भारी आक्रोश है। इस योजना को सरकार तुरन्त ही बन्द करे, नहीं तो जनता आन्दोलन को बाध्य होगी।

ज्ञापन देने वालो में अध्यक्ष नवनीत गुसाई, वालेश बाबनियां, जगमोहन रावत, विनोद असवाल, प्रभात डंडरियाल, सुशील विरमानी, विजय कुमार, सं ० रामेन्द्र सिंह, पारुल, अमित पंवार, राजेन्द्र थापा, सुरेश कुमार, मोहन पंवार आदि शामिल थे।

# मॉडल और मॉर्शल आर्टिस्ट हैं पूजा भालेकर

फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा बॉलीवुड में लीक से हटकर फिल्म बनाने के लिए मशहूर हैं। उन्हें लोग अलग सोच का मालिक कहते हैं। उनकी डिफरेंट विचारधारा ने ही आज उन्हें द ग्रेट राम गोपाल वर्मा बनाया है। एक बार फिर से वो अपनी फिल्म लड़की के जरिए लोगों को मनोरंजित करने के लिए तैयार हैं। फिल्म के ट्रेलर ने सोशल मीडिया पर आग लगा दी है। इंडो-चाइनीस प्रोडक्शन के तहत बनी इस फिल्म में लीड रोल पूजा भालेकर, शिवम मल्होत्रा, प्रतीक परमार और अभिमन्यु सिंह निभा रहे हैं। फिल्म में पूजा भालेकर मार्शल आर्ट के करतब दिखाते नजर आ रही हैं। फिल्म जूनून, लक्ष्य और प्रेम के बीच फंसी लड़की की कहानी है, जिसे जीवन में हर चीज पाने के लिए काफी संघर्षों से गुजरना पड़ता है, अब वो उसमें कामयाब होती है या नहीं ये तो फिल्म को देखने के बाद ही पता चलेगा लेकिन कोई शक नहीं फिल्म में बिकिनी पहने एक्ट्रेस को मारधाड़ करते हुए देखने के लिए लोग बेचैन हैं। फिल्म के आठ मिनट के अब तक के सबसे लंबे ट्रेलर में वो सारे मसाले नजर आ रहे हैं, जो फिल्म को चलाने के लिए चहिए। फिल्म में एक्ट्रेस पूजा काफी सेक्सी और बोल्ड अंदाज में हैं। समुद्र के किनारे उनके दिए बहुत सारे बोल्ड सींस को देखकर किसी को भी पसीना आ सकता है। तो फिल्म के ट्रेलर में वो लगभग अस्सी प्रतिशत जगह बिकिनी पहने ही नजर आ रही हैं तो वहीं फिल्म के ट्रेलर में उनके और एक्टर के बीच कई लिपलॉक सींस भी हैं। ट्रेलर के आउट होते ही अब हर कोई पूजा के ही बारे में जानना चाहता है। मालूम हो कि लड़की: एंटर द गर्ल ड्रैगन के जरिए बॉलीवुड में कदम रखने जा रही पूजा भालेकर मूलरूप से महाराष्ट्र की ही रहने वाली हैं। वो एक मॉडल और मॉर्शल आर्टिस्ट हैं और इसी कारण रामू ने उन्हें अपने किरदार के लिए चुना है।

# रणवीर सिंह के लिए फैशन आइकन हैं उर्फी जावेद

पूर्व बिग बॉस ओटीटी प्रतियोगी उर्फी जावेद अपने फैशन के लिए लोकप्रिय हैं, हर जगह उनके फैंशन को लेकर चर्चा होती रहती है। अब बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह ने भी कॉफी विद करण सीजन 7 शो में उन्हें फैशन आइकन कहा है।

शो में रणवीर आलिया भट्ट के साथ बतौर गेस्ट नजर आए। टॉक शो के रैपिड फायर सेगमेंट में, करण ने रणवीर से पूछा, किसका एक पोशाक को बहुत जल्दी दोहराना होगा। जिसके लिए रणवीर ने तुरंत जवाब दिया उर्फी जावेद।

करण ने आगे कहा, क्योंकि वह नए कट्स में हैं। रणवीर ने जवाब दिया, हाँ, वह एक फैशन आइकन है। बिग बॉस ओटीटी फेम उर्फी ने हाल ही में अपनी नीली ड्रेस और सामने कट-आउट जालीदार डिजाइन की वजह से लोगों का ध्यान खींचा। इससे पहले भी वह अपने बोल्ड लुक्स की वजह से सुर्खियां बटोर चुकी हैं। कई बार वह अपने ड्रेसिंग स्टाइल को लेकर सोशल मीडिया पर ट्रोल भी हो चुकी हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो रणवीर अगली बार रॉकी और रानी की प्रेम कहानी और सर्कस में दिखाई देंगे।

# चौकस रहने से मुझे व्यापार के ट्रिक्स सीखने में मदद मिलीः आयुषी शर्मा

आगामी वेब फिल्म जादुगर में महिला नायक की भूमिका निभा रही अभिनेत्री आयुषी शर्मा ने कहा कि, चूंकि वह एक आकस्मिक अभिनेत्री हैं और उनके पास औपचारिक प्रशिक्षण नहीं है, इसलिए, चौकस रहने से उन्हें काम पर सीखने में मदद मिली। एक उच्च शिक्षित परिवार से आने वाली, जहां उनके माता-पिता दोनों वकील हैं, आयुषी साझा करती है कि, औपचारिक रूप से प्रशिक्षित नहीं होना उसके लिए एक प्रारंभिक संघर्ष था। अपने इंजीनियरिंग कॉलेज के दिनों में एक ऑडिशन के माध्यम से संयोग से फिल्म उद्योग में प्रवेश करने वाली आयुषी ने आईएएनएस को बताया, मैंने हमेशा औपचारिक शिक्षा की शक्ति को महत्व दिया है। मेरे पास वह मानसिकता है। लेकिन मैंने कभी अभिनेता बनने की योजना नहीं बनाई। मैं एक इंजीनियरिंग छात्र थी, सूचना प्रौद्योगिकी का अध्ययन कर रही थी। इसलिए हां, शुरू में फिल्मांकन की प्रक्रिया, कैमरे के सामने अभिनय करना और पूरे चरित्र को संपादित करने के बाद कैसे जीवन में आता है, यह एक आकर्षक अनुभव था। मेरा फिल्म सेट मेरा फिल्म स्कूल बन गया। लेकिन मेरा यह भी मानना है कि, अगर औपचारिक रूप से प्रशिक्षित नहीं है, तो किसी भी कौशल को सीखने के लिए एक बहुत ही चौकस व्यक्ति होना चाहिए। अगर हमारे पास प्राकृतिक प्रतिभा है, तो हम जल्दी से उठा सकते हैं। (आरएनएस)

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# हेल्दी ड्रिंक्स पीने से नहीं होगी शरीर में पानी की कमी



गर्मी के मौसम में स्किन में कई तरह की समस्याएं हो जाती हैं। गर्मी में शरीर को सेहतमंद रखना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। बढ़े हुए तापमान और तेज गर्मी के कारण व्यक्ति के जल्दी बीमार पड़ने के चांसेस रहते हैं। इतना ही नहीं गर्मी में ज्यादातर बीमार डिहाइड्रेशन की वजह से होती है। ऐसे में बहुत जरूरी है कि आप अपनी बॉडी को हाइड्रेटेड रखें।

शरीर में ज्यादा से ज्यादा पानी की मात्रा होनी चाहिए। क्या आपको पता है कि कुछ हेल्दी ड्रिंक्स से हमारी स्किन के लिए बहुत उपयोगी है। हमारी डायट में शामिल पेय पदार्थ हमारे सेहत के लिए फायदेमंद होने के साथ स्किन के लिए भी अच्छा होता है। पेय पदार्थ को पीने से हमारे शरीर को ऊर्जा मिलती ही है और स्किन में ग्लो आता है।

शरीर में पानी की पूर्ति के लिए कोई भी व्यक्ति हर वक्त पानी नहीं पी सकता। कभी-कभार तो ज्यादा पानी पीने के बाद कुछ और खाने-पीने का मन नहीं करता है। इस स्थिति में आप इन फलों के माध्यम से शरीर में पानी की कमी को पूरा कर सकते हैं। कुछ हेल्दी ड्रिंक्स से हमारी स्किन के लिए बहुत उपयोगी है जानें वह क्या हैं।

अनार का जूस...

अनार का जूस हमारे शरीर में खून साफ करने का काम करता है और टॉक्सिन्स निकालता है। इसके अलावा अनार के जूस में एंटीऑक्सीडेंट्स होने से स्किन को पर्याप्त मात्रा में पोषण मिलता है। वहीं, अनार का जूस पीने से नई सेल्स बनती और स्किन में ग्लो आता है।

तरबूज...

तरबूज में 92 प्रतिशत पानी पाया जाता है। इसे खाने से शरीर में आसानी से पानी की पूर्ति की जा सकती है। तरबूज में कैल्शियम, पोटेशियम, मैग्निशियम आदि तत्व पाए जाते है, जो शरीर के लिए लाभदायक होते हैं।

स्ट्रॉबेरी...

स्ट्रॉबेरी में भी पानी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। इसे खाकर शरीर में पानी की कमी को पूरा कर सकते हैं। स्ट्रॉबेरी में मैग्नीशियम, फॉलिक एसिड, फास्फोरस, पोटेशियम, विटामिन सी, विटामिन ए, कैल्शियम और फाइबर आदि पोषक तत्व होते हैं।



खरबूजा...

गर्मी के लिए खरबूजा मौसमी फल है और मौसमी फल सेहत के लिए फायदेमंद होता है। खरबूजा खाकर भी शरीर में पानी की पूर्ति की जा सकती है।

खीरा...

इन सबके अलावा खीरा पानी की पूर्ति को आराम से पूरा कर सकता है। अगर आप कोई फल नहीं खा पा रहे हैं तो खीरे का सेवन करें। इससे शरीर को पर्याप्त पानी मिल जाएगा और पेट संबंधी कोई बीमारी भी नहीं होगी। इसके साथ ही खीरे के जूस में पानी की पर्याप्त मात्रा और एंटीऑक्सीडेंट्स होने के चलते स्किन में निखार आता है। खीरे का जूस स्किन को बेदाग बनाने और रुखापन को दूर करने में मदद करता है।

अनानास...

गर्मी में आसानी से मिल जाने वाला फल अनानस भी शरीर में पानी की पूर्ति कर सकता है। अनानास का जूस पीने से शरीर के विषैले पदार्थ बाहर निकल जाते हैं और आप स्वस्थ रह सकते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -97

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | | ■ | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 96 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |

## मेरी इच्छा सूची में केवल राजकुमार राव थेः हिटः द फर्स्ट केस के निर्देशक

अपनी आगामी फिल्म हिटः द फर्स्ट केस की रिलीज के लिए तैयार निर्देशक शैलेश कोलानू ने कहा कि उनकी फिल्म में विक्रम के रूप में कास्ट करने के लिए उनकी इच्छा सूची में अभिनेता राजकुमार राव ही थे। शैलेश ने साझा किया, मैं एक ऐसा अभिनेता चाहता था जो बिना ज्यादा बात किए बहुत संवाद कर सके।

विक्रम बहुत अधिक भावनात्मक सामान रखता है जो उसे बहुत तीव्र व्यक्ति बनाता है, और वह बहुत कम बोलता है और हमेशा बात पर रहता है। इसलिए मुझे एक शानदार अभिनेता की आवश्यकता थी। जो अपनी आंखों से बहुत कुछ बोल सकता है और राज बस इतना ही है।

मैं लंबे समय से उनके काम का अनुसरण कर रहा हूं और जिस तरह से वह चरित्र की त्वचा में ढलते हैं, मुझे वह पसंद है। वह मेरी इच्छा सूची में एकमात्र व्यक्ति थे और मुझे खुशी है कि हमने उन्हें बोर्ड में शामिल किया।दिल राजू प्रोडक्शंस हिटः द फर्स्ट केस के सहयोग से मौजूद गुलशन कुमार और टी-सीरीज।

फिल्म का निर्माण भूषण कुमार, दिल राजू, कृष्ण कुमार और कुलदीप राठौर ने किया है। राजकुमार राव और सान्या मल्होत्रा-स्टारर 15 जुलाई 2022 को सिनेमाघरों में हिट हुई।

## श्रिया पिलगांवकर ने पूरी की ताजा खबर की शूटिंग

अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर ने कॉमेडी-ड्रामा ताजा खबर की शूटिंग पूरी कर ली है, जिसमें भुवन बम, जेडी चक्रवर्ती, देवेन भोजानी, प्रथमेश परब, नित्या माथुर और शिल्पा शुक्ला भी हैं।

श्रिया आगामी कॉमेडी-ड्रामा सीरीज में एक सेक्स वर्कर की भूमिका में नजर आएंगी।

शो के समापन पर, श्रिया कहती हैं, ताजा खबर की शूटिंग एक बहुत ही मजेदार अनुभव रहा है। मुझे कॉमेडी - ड्रामा पसंद है और यह एक ऐसा जॉनर है जिसे मैंने वास्तव में नहीं किया है। मैं एक सेक्स वर्कर की भूमिका निभाती हूं।

मैंने जो किया है, उससे मेरा चरित्र और लुक पूरी तरह से अलग है, जिसने इस प्रक्रिया को और भी अधिक संपूर्ण बना दिया है। मुझे भुवन और इस पूरी कास्ट और क्रू के साथ काम करना पसंद है, जो बहुत प्रतिभाशाली और मेहनती हैं। हमने इसके लिए एक धमाकेदार शूटिंग की है। यह और मैं दर्शकों द्वारा इसे देखने का इंतजार नहीं कर सकती।

श्रिया रोमांचक परियोजनाओं के साथ एक रोल पर है। वह क्रैकडाउन सीजन 2, द गॉन गेम सीजन 2, फिल्म इश्क-ए-नादान में नजर आएंगी।

## अखिल अक्किनेनी की एजेंट की फिर से बदली रिलीज डेट

दक्षिण फिल्मों के अभिनेता अखिल अक्किनेनी की भव्य परियोजना एजेंट की रिलीज डेट फिर से बदल गई है, जो प्रशंसकों के लिए काफी चिंता का विषय है। एजेंट टीम वर्तमान में दिसंबर 2022 की रिलीज की तारीख पर विचार कर रही है। सूत्रों की मानें तो, देरी का मुख्य कारण अखिल की चोटें और कई शेड्यूल बैकलॉग हैं।

यह भी आरोप लगाया जाता है कि फिल्म में व्यापक स्क्रिप्ट संशोधनों के साथ-साथ अभिनेता प्रतिस्थापन भी हुए हैं। इस प्रशंसित अखिल भारतीय परियोजना को एके एंटरटेनमेंट और सुरेंद्र 2 सिनेमा द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है, और सुरेंद्र रेड्डी द्वारा निर्देशित है। निर्माता एक्शन दृश्यों में कंजूसी नहीं कर रहे हैं और उन पर काफी पैसा खर्च कर रहे हैं।

अपनी पिछली फिल्म मोस्ट एलिजिबल बैचलर के जबरदस्त परिणाम के बाद, अखिल को इस प्रोडक्शन से बहुत उम्मीदें हैं और इसलिए, वह किसी भी समझौते के लिए तैयार नहीं है।

## अजय देवगन ने निर्देशक के रूप में अपनी चौथी फिल्म भोला का निर्देशन किया शुरू

एविएशन थ्रिलर रनवे 34 के बाद अजय देवगन एक और फिल्म का निर्देशन करने के लिए तैयार हैं। अजय देवगन इस बार अपनी चौथी फिल्म भोला का निर्देशन करने के लिए तैयार है। फिल्म निर्माण के चरण में है और अजय 20 अगस्त तक फिल्म की मुख्य फोटोग्राफी पूरी कर लेंगे। फिल्म में मुख्य कलाकारों के रूप में तब्बू और अजय ही नजर आएंगे। भोला 30 मार्च, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है।

यह पूछे जाने पर कि वह अपनी अप्रैल की रिलीज रनवे 34 के बाद इतनी जल्दी फिल्म की शूटिंग कैसे कर लेते हैं, अभिनेता ने कहा, ठीक है, तैयारी पहले से की गई थी। यह सिर्फ कैमरे के पीछे फिर से आने और तीन जादुई शब्द रोशनी कहने का सवाल था, कैमरा, एक्शन।वर्कफ्रंट की बात करें तो अजय के पास थैंक गॉड और दृश्यम 2 रिलीज के लिए तैयार है।( आरएनएस)

# एक्शन फिल्म में साथ नजर आएंगे शाहरुख और सलमान ?



शाहरुख खान और सलमान खान बॉलीवुड के सुपरस्टार हैं। यही वजह है कि उनकी फिल्मों के लिए दर्शक पलक-पावड़े बिछाए रहते हैं। सलमान, शाहरुख की फिल्म पठान में कैमियो की भूमिका में दिखेंगे। वहीं, शाहरुख भी सलमान की टाइगर 3 में मेहमान की भूमिका में नजर आएंगे। इन दोनों की बॉन्डिंग को फैंस पसंद करते हैं। अब बॉलीवुड गलियारों में चर्चा है कि ये दोनों कलाकार फिल्ममेकर आदित्य चोपड़ा की एक एक्शन फिल्म में नजर आएंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, शाहरुख और सलमान ने आदित्य की एक फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। खबरों की मानें तो इस फिल्म का लेखन आदित्य ही करेंगे। एक सूत्र ने बताया, आदित्य टाइगर और पठान के हीरो के साथ मिलकर दो हीरो वाली एक्शन फिल्म बनाने की योजना बना रहे हैं। करण अर्जुन (1995) की रिलीज के बाद से सलमान-शाहरुख की यह पहली मुकम्मल फिल्म होगी। आदित्य कुछ समय से इस आइडिया पर काम कर रहे हैं।

सूत्र ने आगे बताया कि आदित्य स्क्रिप्ट, स्क्रीनप्ले और डायलॉग पर काम कर रहे हैं। खबरों की मानें तो 2023 के अंत तक या 2024 की शुरुआत में इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो सकती है। कहा जा रहा है कि इस अवधि के लिए दोनों कलाकारों ने अपने डेट्स को खाली रखा है। फिल्म के निर्देशक का नाम अभी तय नहीं किया गया है। यह भारतीय सिनेमा की एक बड़े बजट की फिल्म होगी।

हाल में शाहरुख ने बॉलीवुड में 30 साल पूरे किए। इस मौके पर उन्होंने इंस्टाग्राम के लाइव सेशन में कहा था, सलमान के साथ काम करने का कोई वर्किंग एक्सपीरियंस नहीं है, बल्कि यह प्यार का अनुभव है, सुखद अनुभव है, दोस्ताना अनुभव है और भाई जैसा अनुभव है। इसलिए, जब भी मैं उनके साथ काम करता हूं तो यह आश्चर्यजनक होता है। हमने वास्तव में एक फिल्म (करण अर्जुन) के अलावा एक साथ कोई पूरी फिल्म नहीं की है।

अंतिम बार शाहरुख को 2018 में आई फिल्म जीरो में अभिनय करते हुए देखा गया था। शाहरुख की फिल्म पठान अगले साल जनवरी में रिलीज होगी। वह पहली बार राजकुमार हीरानी की डंकी में नजर आएंगे। यह फिल्म क्रिसमस के मौके पर अगले साल रिलीज हो रही है। सलमान मास्टर की हिंदी रीमेक में नजर आ सकते हैं। कभी ईद कभी दिवाली और नो एंट्री 2 भी उनके खाते से जुड़ी हुई है। वह बजरंगी भाईजान 2 में भी दिखेंगे।

आदित्य दिवंगत फिल्ममेकर यश चोपड़ा के बेटे हैं। उन्होंने 1995 में दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे से अपना डायरेक्टोरियल डेब्यू किया था। इस रोमांटिक फिल्म में शाहरुख और काजोल नजर आए थे। उन्होंने मोहब्बतें, धूम और वीर-जारा जैसी फिल्में भी बनाईं। (आरएनएस)

# शूरवीर के एक्शन सीक्वन्स के लिए कड़ी ट्रेनिंग लीः आदिल खान

बॉलीवुड अभिनेता आदिल खान का कहना है कि शूरवीर के एक्शन सीक्वन्स के लिए उन्होंने बेहद कड़ी ट्रेनिंग ली है। आदिल खान इन दिनों अपनी आगामी सीरीज़ शूरवीर को लेकर चर्चा में हैं। इस सीरीज़ में वह एक मिलिटरी पर्सनल का किरदार निभा रहे हैं। अपने इस किरदार को वास्तविक रूप देने के लिए आदिल ने जबरदस्त ट्रेनिंग ली है, इस शो के शूटिंग के सिलसिले में उन्होंने कई शहरों की यात्रा भी तय की है। आदिल ने इस सीरीज को पूरा करने के लिए सर्बिया, दिल्ली, मुंबई, कश्मीर की यात्रा तय की और उसी के लिए बड़े पैमाने पर बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन भी किया। आदिल ने कई महीनों तक एक्शन दृश्यों के लिए प्रशिक्षण लिया जि एक वायु सेना के पायलट के बॉडी पोस्चर को बनाए रखा जा सके और अपने किरदार को वास्तविक रूप दे सके।

आदिल खान ने कहा, शूरवीर के लिए की गई तैयारियों को मैंने काफी एंजॉय किया। बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन के अलावा मैं अपने किरदार के लिए रियल लाइफ हीरो से भी इंटरएक्ट किया था और मेरे लिए वो लम्हा बहुत ही यादगार रहा, मैंने उस इंटरेक्शन के दौरान बहुत कुछ सीखा। शो के दौरान हमने अलग अलग लोकेशन पर ट्रैवल करते समय हमने खूब मजे किए, और मैंने अपने ट्रेनर से कुछ महीनों की ट्रेनिंग ली जिससे मेरा बॉडी पोस्चर परफेक्ट हो, मैंने शूरवीर के लिये एक्शन सीेंस के लिए एक महीने की ट्रेनिंग ली। शूरवीर के शुरू होने से पहले मुझे एक्शन के लिए सिरिल रैफेली द्वारा प्रशिक्षित किया गया था और मैंने भारत में अपने ट्रेनर के साथ उस प्रशिक्षण को जारी रखा था।

# मुकेश खन्ना की शक्तिमान में सुपरहीरो बनेंगे रणवीर सिंह ?

दिग्गज अभिनेता मुकेश खन्ना ने 90 के दशक में धारावाहिक शक्तिमान से खूब वाहवाही बटोरी थी। उन्होंने हाल में ऐलान किया था कि वह इसी कॉन्सेप्ट पर फिल्म शक्तिमान बनाएंगे। जब से फिल्म की घोषणा हुई है, तभी से दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा है। अब जानकारी सामने आ रही है कि इस फिल्म के लिए अभिनेता रणवीर सिंह को अप्रोच किया गया है। वह इसमें मुख्य भूमिका में नजर आ सकते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, रणवीर को शक्तिमान में सुपरहीरो की भूमिका निभाने की पेशकश की गई है। खबरों की मानें तो उन्होंने फिल्म का हिस्सा बनने में अपनी दिलचस्पी दिखाई है। हालांकि, अभिनेता ने अभी तक इस प्रोजेक्ट को साइन नहीं किया है। एक सूत्र ने कहा, रणवीर ने भारतीय सुपरहीरो शक्तिमान की भूमिका निभाने में गहरी दिलचस्पी दिखाई है। मेकर्स को भी लगता है कि रणवीर सुपरहीरो के कैरेक्टर में करिश्मा कर सकते हैं।

सूत्र की मानें तो इस प्रोजेक्ट को लेकर मेकर्स और रणवीर में बातचीत चल रही है।

सूत्रों ने मुकेश से संपर्क किया, तो उन्होंने किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दी। हालांकि, उन्होंने इस खबर का खंडन भी नहीं किया। यह सभी जानते हैं कि रणवीर अलग-अलग प्रकार के किरदारों को निभाने में सक्षम हैं। यदि वह सुपरहीरो की भूमिका में नजर आएंगे, तो यह दर्शकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं होगा।

मुकेश ने बताया था कि वह 300 करोड़ रुपये में शक्तिमान बनाएंगे। उन्होंने कहा था, कई सालों बाद यह प्रोजेक्ट मेरे हाथ आया है। लोग मुझे शक्तिमान 2 बनाने के लिए कहते थे। मैं शक्तिमान को टीवी पर वापस नहीं लाना चाहता था। मैंने सोनी पिक्चर्स के साथ हाथ मिलाया है। यह एक बड़ी फिल्म है, जो कम-से-कम 300 करोड़ रुपये के बजट में बनेगी।

इस फिल्म को स्पाइडर मैन के मेकर्स बना रहे हैं, लेकिन शक्तिमान बिल्कुल देसी होगा। मुकेश ने बताया था कि कोई हिंदुस्तानी ही फिल्म का निर्देशन करेगा। यह फिल्म तीन हिस्सों में बनेगी और इसे हिंदी, मलयालम, तेलुगु और तमिल में भी रिलीज किया जाएगा।

शक्तिमान टीवी के सबसे लोकप्रिय शो में से एक रहा है। इसमें मुकेश ने शक्तिमान की भूमिका निभाई थी। उनका डबल रोल था। एक में वह पत्रकार गंगाधर थे और दूसरे रोल में सुपरहीरो। सुपरहीरो की पहचान छुपाने के लिए वह गंगाधर बने थे, जो काफी बेवकूफियां करता रहता है। टीवी पर यह शो 13 सितंबर, 1997 को टेलीकास्ट हुआ और 2005 तक प्रसारित हुआ था। शक्तिमान भारत का पहला सुपरहीरो था, जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला था।

रणवीर जल्द ही निर्देशक रोहित की सर्कस में दिखाई देंगे। करण की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में रणवीर काम कर रहे हैं। करण की तख्त रणवीर के खाते से जुड़ी है। वह बैजू बावरा में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे।

# पिंजरे तोड़े बिना बचाव नहीं!

हरिशंकर व्यास

कल्पना करें सदी के आखिर में पिघलती धरती के कारण यदि पृथ्वी के द्विपीय देश डूबे तो वहां के नागरिक क्या सोचते हुए होंगे? यदि मालदीव, सेसेल्स, मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम जैसे देश डूबे तो सभ्यता के बनाए इन देशों के धर्म, भगवान, समाज, राजनीति और नेता क्या मनुष्यों को बचा लेंगे? लोग जब डूबने लगेंगे तब वे कहां जाएंगे? कथित मानव प्रगति क्या लोगों को बचा पाएगी? तब पच्चीस-पचास देशों के मनुष्यों को अहसास होगा कि यदि राष्ट्र की सीमाएं नहीं होतीं, सभ्यताओं का झूठा घमंड पाला नहीं होता तो नाव उठा कर बगल के महाद्वीप में वैसे ही पहुंच जाते जैसे पांच हजार साल पहले होमो सेपियन आया-जाया करते थे।

प्रलय का मुहाना-36" एक-दो पीढ़ी में लोगों को अहसास होगा कि उनके पूर्वज मनुष्य को अपना और पृथ्वी का कैसा भस्मासुर बना गए! सभ्यताओं में कैसे मनुष्यों को जकड़ गए। पृथ्वी के टुकड़े करके समाज, धर्म, राजनीति, सभ्यताओं और राष्ट्रों का कैसा फरेब बनाया। मनुष्य को मतिमंद किया। श्रेष्ठ सृष्टि रचना 'मानव' के दिमाग को विकृत किया। मनुष्य के पर काटे, उसे परतंत्र बनाया। मानव के सार्वभौम स्वतंत्र अस्तित्व और सोच को भ्रष्ट किया। आत्मघाती धोखा बनाया। कल्पना करें सदी के आखिर में पिघलती धरती के कारण यदि पृथ्वी के द्विपीय देश डूबे तो वहां के नागरिक क्या सोचते हुए होंगे? यदि मालदीव, सेसेल्स, मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम जैसे देश डूबे तो सभ्यता के बनाए इन देशों के धर्म, भगवान, समाज, राजनीति और नेता क्या मनुष्यों को बचा लेंगे? लोग जब डूबने लगेंगे तब वे कहा जाएंगे? कथित मानव प्रगति क्या लोगों को बचा पाएगी?

तब पच्चीस-पचास देशों के मनुष्यों को अहसास होगा कि यदि राष्ट्र की सीमाएं नहीं होतीं, धर्म और समाज की बेड़ियां नहीं होती, सभ्यताओं का झूठा घमंड पाला नहीं होता तो नाव उठा कर वे बगल के महाद्वीप में वैसे ही पहुंच जाते जैसे पांच हजार साल पहले होमो सेपियन आया-जाया करते थे। वास्तविकता है पांच हजार वर्ष पहले पूरी पृथ्वी मनुष्य का घर थी। ऐसी कोई बाधा, दिमागी ग्रंथि नहीं थी कि उधर तो मुसलमान रहते हैं या हिंदू या ईसाई। वहां काले हैं या गोरे। बिना पासपोर्ट और बिना वीजा के था। बिना समाज, बिना धर्म और बिना राजनीति के था। वह स्वतंत्र, वैयक्तिक सार्वभौमता में जीवन जीते हुए था। अपने कबीले और समूह के छोटे दायरे में तमाम समस्याओं के समाधान खोजते हुए आत्मनिर्भर जीवन जीता था।

सोचें, यदि मनुष्य वैसे ही जीवन जी रहा होता तो क्या पृथ्वी का आकाश फटा हुआ होता? जलवायु परिवर्तन में पृथ्वी और मनुष्य दोनों अस्तित्व के संकट में प्रलय की और बढ़ते हुए होते?

### सभ्य नहीं भस्मासुर

गलत धारणा है कि तब मनुष्य जंगली था, जबकि अब सभ्य है। यदि मानें कि सभ्यता निर्माण के बाद मनुष्य पांच हजार वर्षों में सभ्य बना है तो ऐसी नौबत कैसे जो उसके कारण आकाश में सूराख है? पिछले तीन हजार सालों में क्यों पांच हजार युद्ध हुए हैं। पृथ्वी को टुकड़ों में बांट क्यों 195 राष्ट्रों में बंटी हुई है?

दुनिया के छोटे द्विपीय और समुद्री किनारे के 39 देशों ने एक एलायंस बना रखा है। ये सभी देश यह रोना रोते हुए हैं कि उनके बस में जलवायु परिवर्तन के संकट से जूझना नहीं है। हिसाब से देखा जाए तो बड़े देशों जैसे ऑस्ट्रेलिया, चीन, भारत, अमेरिका भी हीटवेव हो या बाढ़ जैसी आपदाओं की फ्रिक्वेंसी रोक नहीं सकते। लेकिन जिन छोटे द्विपीय देशों का जल्दी डूबना तय है वहां के लोगों के सामने तो यह यक्ष प्रश्न जल्द आने वाला है कि करें तो क्या करें? जाएं तो जाएं कहां? तब मानवता को हर देश एक पिंजरा लगेगा और उसके लिए लोग अपने आपको कोसते हुए होंगे। तब धर्म-भगवान-राजनीति-सभ्यता-व्यवस्थाओं के नाम पर पांच हजार वर्षों से हो रहे धोखे की रियलिटी मालूम होगी। समझ आएगा कि विकास का यह कैसा प्रपंच, जिसमें सब डूबता हुआ है।

प्रशांत क्षेत्र का एक बहुत छोटा द्विपीय देश तूवालू है जैसे भारत का पड़ोसी मलादीव है। दोनों देश मुश्किल से समुद्र के जलस्तर से आधा-पौन मीटर ऊपर हैं। इन देशों का पहले डूबना तय है तो यहां के लोग क्या करेंगे? क्या मालिक, राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री, सरकारें, व्यवस्थाएं और ईश्वर में कोई बचाने के लिए होगा?

तभी अस्तित्व संकट की और बढ़ते हुए पृथ्वी के लोगों को सोचना चाहिए कि जिन सभ्यतागत कर्मों से आकाश में सूराख हुए है, पृथ्वी पिघलती-सूखती हुई है वह क्या मानव की गलती नहीं है? सभ्यता से पहले मनुष्य का बिना बंधनों का शिकारी, पशुपालन, घूमंतू खेती का खानाबदोश आजाद जीवन पृथ्वी और मनुष्य दोनों के लिए हितकारी था या बाद में बनी कथित सभ्यताओं और राष्ट्रों से हितकारी हुआ?

मैं पिछले पांच हजार वर्षों के इतिहास परिप्रेक्ष्य में उन दार्शनिकों-विचारकों का मुरीद हूं, जिन्होंने मनुष्य के बंधे-सामूहिक जीवन को घातक बताया। मैं लेखन काल के आरंभ से मानव स्वतंत्रता, मनुष्य जीवन की गरिमा और अधिकारों की जरूरत के साथ मानता आया हूं कि व्यवस्था और तंत्र में मनुष्य की मानवयीता खत्म होती है। तंत्र ने मनुष्य की आदिम प्रवृत्तियों की भूख, भय, अहंकार और मिल्कियत को हवा दी है। तंत्र ने तलवार, बेड़ियों और शोषण में मनुष्य को खाया है। उनसे पशुगत प्रवृत्तियों के सामूहिक और संस्थागत रूपांतरण में मनुष्य के एनिमल फार्म बने हैं।

वह सत्य अब आगे लगातार साबित होता हुआ होगा। पृथ्वी और मनुष्य दोनों पर अस्तित्व का संकट है तो कोई माने या न माने इस और अगली सदी में मनुष्य अपने कर्मों, अपनी व्यवस्थाओं, तंत्रों और सभ्यताओं के मकड़जाल में फंसा हुआ होगा। समझ ही नहीं आएगा कि करें तो क्या करें?

### वैचारिक पुनर्विचार जरूरी

इसलिए वक्त का तकाजा है जो आठ अरब लोग नए सिरे से अपने जीवन और भविष्य पर विचार करें। उन आइडिया पर गंभीरता से पुनर्विचार हो, जिनकी पांच हजार वर्षों से अनदेखी है और जो मनुष्य के मूल ऑगेर्निक तथा स्वतंत्र मानव जीवन की महत्ता को बतलाते हुए हैं। मतलब मानवतावादी और उदारवादी विचार!

वैज्ञानिक सत्य दोहरा रहा हूं कि ढाई लाख साल के होमो सेपियन जीवन में आठ हजार साल पहले तक मनुष्य पृथ्वी पर शिकार, पशुपालन और अनाज व झूम खेती से गुजर बसर करता खानाबदोश था। समाज-कबीले, मुखिया, ओझा पुजारी का उसका एक छोटा-सिमटा सामाजिक जीवन था। दार्शनिक रूसो ने सन् 1762 में उस जीवन शैली की प्राकृतिक अवस्था को होमो सेपियन का 'आदर्श बर्बर' होना बताया था। मनुष्य का वह 'आदर्श बर्बर' जीवन तब संतोषी जिंदगी थी। ना किसी साथी की जरूरत और ना किसी का अहित करने की इच्छा। वह एक भोले और अज्ञानी बालक की तरह सादगी और परम सुख की जिंदगी गुजारते हुए था। वह मनुष्य की पूर्ण स्वतंत्र, कपट-अहंकार रहित समानता वाली पवित्र जिंदगी थी। सभ्यता के सभी पालनों से पहले के वक्त में ऐसी ही मनुष्य जिंदगी रही होगी।

गड़बड़ी तब हुई जब पांच हजार साल पहले सुमेर में नदी किनारे खेतिहरों की स्थी बस्ती बसी। तब कबीलों के पुजारियों ने मुखिया के साथ मिलकर मनुष्यों में परस्पर सहयोग की आवश्यकता में वह व्यवस्था बनाई, जिसमें मनुष्यों के लिए अनिवार्य हुआ कि जैसा कहें वैसे रहो। पुजारियों ने यह झूठ फैलाया कि भूख, भय और असुरक्षा की चिंता में अलौकिक शक्तियों याकि ईश्वर ने कहा है कि फलां व्यक्ति शक्तिमान है, वह राजा है, ईश्वर का अवतार है इसलिए उसके कहे, उसके डंडे अनुसार अपने व्यवहार और जिंदगी को ढालो। जैसा मैंने पहले लिखा है कबीलों के ओझाओं की अतिशयता और मुखियाओं से उसकी सांठगांठ, स्वार्थों और मिल्कियत की बेसिक चाह से सभ्यताओं का बर्बर निर्माण शुरू हुआ।

## सू- दोकू क्र.97

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.96का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# भाजपा के साथी एनडीए में लौटेंगे!

क्या फिर से पुराना एनडीए बन सकता है? भाजपा का साथ छोड़ कर जा चुकी पार्टियां क्या फिर से उसके साथ जुड़ सकती हैं? कम से कम राष्ट्रपति चुनाव में ऐसा हो रहा है और तभी भाजपा के नेता उम्मीद कर रहे हैं कि उसके बाद भी एनडीए के पुराने साथी भाजपा से जुड़े रह सकते हैं। राष्ट्रपति चुनाव जैसे जैसे नजदीक आ रहा है वैसे वैसे भाजपा के पुराने साथी एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देने की घोषणा करते जा रहे हैं। हो सकता है कि किसी मजबूरी में कुछ पार्टियां मुर्मू का समर्थन कर रही हों लेकिन इसके पीछे एक डिजाइन भी साफ दिख रहा है। यह अगले लोकसभा चुनाव से पहले की तैयारी है।

आंध्र प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी टीडीपी का द्रौपदी मुर्मू को समर्थन करना मामूली नहीं है। टीडीपी के नेता चंद्रबाबू नायडू लगातार भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोले हुए थे। लेकिन अब उन्होंने मुर्मू को समर्थन देने का ऐलान कर दिया है। उनसे पहले अकाली दल ने भी समर्थन दिया। कृषि कानूनों के विरोध में एनडीए और केंद्र सरकार से अलग होने के बाद दोनों पार्टियों में दूरी बढ़ी थी और ऐसा लग रहा था कि पंजाब में भाजपा अकाली दल को खत्म करके उसकी जगह लेने की राजनीति कर रही है। लेकिन अचानक सब बदल गया है। जेपी नड्डा ने सुखबीर बादल से बात की और उसके बाद बादल ने एनडीए उम्मीदवार के समर्थन का ऐलान किया।

सबसे हैरान करने वाला फैसला महाराष्ट्र में हुआ है। शिव सेना के 55 में से 40 विधायक टूट गए हैं और तीन शहरों में पार्षदों व पूर्व पार्षदों ने भी पार्टी का साथ छोड़ दिया है। लेकिन सांसद साथ नहीं छोड़ रहे हैं! तभी उद्धव ठाकरे ने सांसदों की मीटिंग बुलाई तो 18 में से 16 सांसद पहुंचे और एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करने को कहा। सासंदों को टूटने से रोकने की मजबूरी हो या कोई और कारण लेकिन उद्धव ठाकरे ने अपनी पुरानी सहयोगी भाजपा की उम्मीदवार को समर्थन कर दिया। इतनी ही हैरानी का फैसला झारखंड में होगा। ध्यान रहे कांग्रेस के समर्थन से मुख्यमंत्री बने हेमंत सोरेन पहले भाजपा की सरकार में उप मुख्यमंत्री रह चुके हैं और उनते पिता शिबू सोरेन भाजपा की मदद से मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं। वे एनडीए के पुराने सहयोगी हैं। वे भी द्रौपदी मुर्मू का समर्थन कर सकते हैं। कहा जा रहा है कि मुर्मू आदिवासी हैं इसलिए उनकी मजबूरी है। ध्यान रहे 2012 में झारखंड मुक्ति मोर्चा एनडीए में थे और एनडीए ने दिग्गज आदिवासी नेता पीए संगमा को उम्मीदवार बनाया था पर जेएमएम ने यूपीए के प्रणब मुखर्जी को समर्थन दिया था। एनडीए का साथ छोड़ने वालों में कर्नाटक की विपक्षी जेडीएस ओड़िसा में सरकार चला रही बीजद भी एनडीए उम्मीदवार का समर्थन कर रहे हैं। सो, दो-चार पार्टियों को छोड़ दें तो लगभग सारी पुरानी सहयोगी पार्टियां भाजपा का साथ दे रही हैं। (आरएनएस)

## राम चरण आरसी15 की आकर्षक शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार

शंकर षणमुगम के निर्देशन में आरआरआर अभिनेता राम चरण की बहुप्रतीक्षित बड़े बजट की फिल्म के फिल्मांकन का नवीनतम शेड्यूल शुरू होने वाला है। राम चरण एक उत्साहित गीत संख्या की शूटिंग के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसे महंगे सेट और कई स्थानों पर कोरियोग्राफ किया जा रहा है। कॉलेज-थीम वाले ट्रैक में करीब 400 डांसर शामिल होंगे।

जैसा कि पहले बताया गया था, फिल्म, जिसका कामकाजी शीर्षक आरसी15 है, की शूटिंग अमृतसर सहित अन्य जगहों पर की जाएगी। शनमुघम नेत्रहीन असाधारण गीतों की कैनिंग की भव्यता के लिए सबसे ज्यादा जाने जाते हैं, इसलिए यह विशेष गीत फिल्म के प्रमुख आकर्षणों में से एक होने की उम्मीद है।

गणेश आचार्य द्वारा कोरियोग्राफ किए जा रहे इस गाने में, राम चरण एक नए रूप में दिखाई देंगे, जिसे निर्माताओं द्वारा तेजस्वी कहा जा रहा है। संगीत हमेशा लोकप्रिय थमन द्वारा तैयार किया जा रहा है।

कियारा आडवाणी ने आरसी15 में राम चरण के साथ मुख्य भूमिका निभाई है, जिसे दिल राजू द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। (आरएनएस)

# सीएम धामी ने किया पेयजल निगम के कार्यालय भवन व सिविल इंजीनियरिंग प्रयोगशाला भवन का शिलान्यास



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को देहरादून के चकराता रोड स्थित कमलानगर में पेयजल निगम के कार्यालय भवन व सिविल इंजीनियरिंग प्रयोगशाला भवन का शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक श्रीमती सविता कपूर, सचिव पेयजल नितेश झा समेत पेयजल निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# विदेश से सोना भेजने के नाम पर 26 लाख की ठगी का आरोपी गिरफ्तार



संवाददाता

देहरादून। एसटीएफ व साइबर क्राइम पुलिस ने आनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए विदेश से पैसा व सोने की ईट भेजने का लालच देकर 26 लाख की ठगी करने के आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि श्रीमति वर्षा शर्मा पत्नी स्व.दीपक शर्मा निवासी मोथोरोवाला देहरादून" की शिकायत दर्ज करायी कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके पति के साथ व्हटसप चैट के माध्यम से दोस्ती कर विदेश से पैसा व सोना की ईट भेजने के नाम पर ऑनलाईन 26 लाख रुपये की धोखाधडी की गयी। साइबर क्राईम पुलिस स्टेशन में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी। घटना में प्रयुक्त मोबाईल नम्बर, ई-वालेट, तथा बैंक खातों व सीसीटीवी फुटेज व भौतिक साक्ष्यो के विश्लेषण करने पर जानकारी की गयी तो ज्ञात हुआ कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा विदेशी नागरिक बनकर सोशल मीडिया व्हटसप के माध्यम से चैट कर विदेश से पैसा व धन भेजने व व्यवसाय में मदद करने व सोना खरीदने के नाम पर चैटिग करके लाभ अर्जित किया जा रहा था। जिसके उपरान्त थाना साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन से विशेष टीम का गठन कर टीम द्वारा कम्पनियों से प्राप्त विवरण का गहनता से विश्लेषण एवं अन्य तकनीकी रुप से साक्ष्य एकत्रित कर पुलिस टीम घटना में संलिप्त मुख्य आरोपी सोनू निषाद को सभापुर दिल्ली एक्सटेन्शन थाना सोनिया विहार दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी तो सोनू निषाद को उत्तराखण्ड राज्य के अतिरिक्त दिल्ली,उत्तर प्रदेश, राजस्थान , हरियाणा व अन्य राज्यो की पुलिस को तलाश है। ठगों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक,व्हट्सएप व अन्य माध्यमों से विदेशी नागरिक बनकर दोस्ती कर चैट करके फर्जी मोबाईल,फर्जी दस्तावेज पहचान पत्र बनाकर बैंको में खाते खोलकर व सिम प्राप्त कर आम नागरिकों को लाखों रुपये की विदेशी करेन्सी व सोना प्राप्त करने व बन्द पड़ी पॉलिसीयों के रिन्यूवल के नाम पर धोखाधड़ी करके अवैध धन अर्जित किया करते हैं। ठगी गयी धनराशि को एक खाते से दूसरे खातें में डालकर एटीएमों के माध्यम से धनराशि को निकाल लिया करते हैं।

# रेड़ी पटरी के लघु व्यापारियों की बैठक सम्पन्न

नगर संवाददाता

हरिद्वार। रेड़ी पटरी के लघु व्यापारियों की नए घाट पर बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य अतिथि लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा रहे, बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेंद्र पाल ने की, बैठक का संचालन उत्तरी हर की पैड़ी, भीमगोडा इकाई अध्यक्ष सुबोध गुप्ता ने की। बैठक का उद्देश्य 22- 23 जुलाई को नई दिल्ली स्थित सुंदरी मार्ग गालिब ऑडिटोरियम में नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया (नासवी) द्वारा भारतवर्ष के 24 राज्यों के रेडी पटरी संगठनों के प्रतिनिधियों की आम सभा में प्रतिभाग करना है।

उत्तराखंड से लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने अपने संगठन की ओर से 5 प्रतिनिधि नियुक्त किए जिसमें मनोज कुमार मंडल, राजेंद्र पाल, विनोद कुमार, तस्लीम अहमद, जय सिंह बिष्ट को नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर संजय चोपड़ा ने कहा कोरोना काल होने के वजह से नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया (नासवी) की राष्ट्रीय आम सभा 3 वर्ष के उपरांत आयोजित की जा



रही है, जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी सहित केंद्रीय शहरी विकास आश्वासन पार्लिमेंट कमेटी के अध्यक्ष सांसद जगदंबिका पाल कई राज्यों के शहरी विकास मंत्री, प्रमुख सचिव, नगर निगम के मेयर, मुख्य नगर आयुक्त शिरकत करेंगे।

उन्होंने यह भी कहा भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर योजना, पीएम स्वनिधि राष्ट्रीय आजीविका मिशन, मुद्रा योजना पीएम शहरी समृद्धि जैसी महा योजनाओं पर खुले मंच के माध्यम से विस्तार पूर्वक चर्चा की जाएगी ताकि देश के कोने- कोने में रेडी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स को केंद्र व राज्य सरकारों के संरक्षण में स्वरोजगार गारंटी के साथ सुरक्षित किए जा सके। बैठक में राजू जैन, सुमित गुप्ता, वीरेंद्र कुमार, प्रभात चौधरी, ओमप्रकाश भाटिया, राजकुमार एंथनी, अनूप सिंह, जय भगवान, विजेंद्र कुमार, मुकेश कश्यप, दिलीप गुप्ता, हरपाल सिंह, सचिन राजपूत आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# युवती का पीछा कर उसको परेशान करने पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। युवती का पीछा कर उसको परेशान करने व फोन पर धमकाने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार करनपुर निवासी युवती ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि शशांक आर्य नामक युवक उसको परेशान कर रहा है उसको पीछा कर उसको धमका रहा है तथा फोन कर मिलने की दबाव बनाने व ना मिलने पर अंजाम भुगतने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# निर्माणाधीन पुल ढहा...

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर ऑल वेदर रोड निर्माण के तहत कोटा के पास इस पुल का निर्माण किया जा रहा है। इस हादसे के पीछे प्रथम दृष्टया निर्माणदायी कंपनी की लापरवाही की बात सामने आई है। जिलाधिकारी का कहना है कि कंपनी द्वारा मजदूरों की सुरक्षा के इंतजाम मानकों के अनुसार नहीं किए गए हैं। इस घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के कारणों की जांच कराई जाएगी।

# विस अध्यक्ष ने पिंजरा लगा कर गुलदार को पकड़ने के दिए निर्देश

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने वन विभाग के अधिकारियों के संग बैठक की। इस दौरान गढ़वाल मंडल के मुख्य वन संरक्षक सुशांत पटनायक एवं डीएफओ लैंसडौन वन प्रभाग दिनकर तिवारी मौजूद थे। विधानसभा अध्यक्ष ने कोटद्वार के दुगड्डा गोदी गांव में मंगलवार सुबह गुलदार के हमले से महिला की मौत की घटना का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को परिजनों को मुआवजा जल्द से जल्द देने के निर्देश दिए।



गौरतलब है मंगलवार सुबह को लैंसडौन डिवीजन की दुगड्डा रेंज के अंर्तगत गोदी गांव की रीना देवी पत्नी मनोज चौधरी सुबह बच्चे को स्कूल छोड़कर वापस लौट रही थी। इस दौरान रास्ते में घात लगाए बैठे गुलदार ने महिला पर हमला कर दिया। महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। विधानसभा अध्यक्ष ने घटना का तुरंत संज्ञान लेते हुए देहरादून स्थित अपने शासकीय आवास पर वन विभाग के अधिकारियों की बैठक बुलाई।

बैठक में विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों को प्रभावित परिजनों को तुरंत मुआवजा देने की बात कही।साथ ही उन्होंने क्षेत्र में पिंजरा लगा कर गुलदार को पकड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने मानव व वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए ठोस योजना बनाने की बात कही।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वन क्षेत्र से सटे आवासीय कॉलोनियों नव वन विभाग के द्वारा गश्त बढ़ाने की बात कही।साथ ही इस प्रकार की घटनाएं दोबारा न हों इसके लिए विभाग को सतर्क रहने के निर्देश दिए।

विधानसभा अध्यक्ष ने कण्वाश्रम में वन्यजीवों की देखरेख और उपचार के लिए बनाए जा रहे बचाव एवं पुनर्वास केंद्र (रेस्क्यू एंड रिहैबिलेशन सेंटर) को शीघ्रता से पूर्ण किए जाने के लिए कहा। साथ ही महर्षि कण्व की तपस्थली और देश को नाम देने वाले चक्रवर्ती सम्राट भरत की जन्मस्थली कण्वाश्रम को राष्ट्रीय धरोहर का रूप में विकसित किए जाने एवं संवारने के लिए वन विभाग को सहयोग करने के लिए कहा।




## एक नजर

# अवैध खनन के खिलाफ धरने पर बैठे संत ने लगायी खुद को आग

नई दिल्ली । राजस्थान में अवैध खनन के खिलाफ संत विजय बाबा धरने पर बैठे थे। राजस्थान के भरतपुर में धरने पर बैठे संत विजय बाबा ने बुधवार को खुद को आग लगा ली। अवैध खनन के विरोध में धरने पर बैठे संत ने खुद को आग लगाकर आत्मदाह की कोशिश की। वे गंभीर रूप से झुलस गए हैं। गंभीर रूप से झुलसे संत विजय बाबा को आनन-फानन में उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। संत विजय बाबा की गंभीर हालत को देखते



हुए डॉक्टर्स ने प्राथमिक उपचार के बाद संत विजय बाबा को भरतपुर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। गौरतलब है कि संत विजय बाबा ब्रज क्षेत्र में खनन के विरोध में पिछले 501 दिन से धरने पर थे। नारायण दास बाबा 19 जुलाई से मोबाइल टावर पर चढ़े हुए थे। गौरतलब है कि साधु-संत ब्रज क्षेत्र में खनन का विरोध कर रहे हैं। साधु-संतों की मांग है कि ब्रज क्षेत्र में खनन को तत्काल रोका जाए। संत समाज इसे लेकर डेढ़ साल से भी अधिक समय से धरने पर है। संत विजय बाबा की ही बात करें तो वे पिछले 501 दिन से ब्रज क्षेत्र में खनन रोकने के लिए धरने पर बैठे थे। संत विजय बाबा ने बुधवार को अचानक अपने आपको आग लगा ली और आत्मदाह का प्रयास किया।

# पिछले 5 सालों में सेना के 800 से ज्यादा जवानों ने की आत्महत्या!

नई दिल्ली। पिछले पांच सालों में भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के 819 जवानों आत्महत्या की है। सेना के तीनों अंगों को मिलाकर 14 लाख से अधिक जवानों में इतनी बड़ी संख्या में आत्महत्य से मौत एक बार फिर आत्महत्या रोकथाम और तनाव प्रबंधन नीतियों की आवश्यकता पर बल देता है। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने मंगलवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित जवाब में ये आंकड़े दिए हैं।



सरकार के जवाब के अनुसार 12 लाख जवानों से भरी थल सेना से 642 सैनिकों ने आत्महत्या कर अपनी जान गंवाई। जबकि भारतीय वायुसेना में यह संख्या 148 और नौसेना में 29 रही। भट्ट ने कहा, श्सर्विसेस में तनाव और आत्महत्या की रोकथान के प्रबंधन के लिए सशस्त्र बल तनाव कम करने वाले लगातार उपाय कर रहे हैं। एक विस्तृत मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम भी तैयार किया गया है और 2009 से इसे चलाया जा रहा है। अजय भट्ट ने कहा कि मनोरोग के साथ उदासी और आत्मघाती वाले कर्मियों की पहचान के लिए विभिन्न प्रणालियां हैं। मंत्री ने कहा कि अत्यधिक तनावग्रस्त कर्मियों की पहचान की जाती है और निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार उनकी काउंसलिंग की जाती है।

# झमाझम बारिश से सूबे का हाल बेहाल

विशेष संवाददाता

देहरादून। बीते कल से पूरे उत्तराखंड में झमाझम बारिश का दौर जारी है। जो मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अभी अगले 48 घंटों तक और जारी रहेगा। एहतियात के तौर पर आज राजधानी दून सहित राज्य के 9 जिलों में 12वीं तक के स्कूल बंद रहे। बारिश के इस रेड अलर्ट के दौरान राज्य के कई हिस्सों से बादल फटने और भूस्खलन से मार्ग बाधित होने की खबरें आई है। वहीं राज्य के नदी नाले उफान पर है जिसके मद्देनजर निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बना हुआ है।

फूलों की घाटी क्षेत्र में घांघरिया में बादल फटने की खबर है भारी बारिश के साथ पहाड़ से घांघरिया बाजार में मलवा आ गया। लेकिन इस घटना में किसी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। हरिद्वार और उधम सिंह नगर में भी भारी बारिश के कारण जलभराव और बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। हरिद्वार में



**●शासन-प्रशासन हाई अलर्ट पर**
**●दून सहित नौ जिलों में स्कूल बंद**

भगत सिंह चौक सहित कई स्थानों पर जलभराव से लोग परेशान हैं। राजधानी दून में भी बीते कल सुबह से ही झमाझम बारिश का दौर जारी है जिससे सड़कों पर जलभराव से लोग जूझ रहे हैं। वहीं पिथौरागढ़-मुंस्यिारी मार्ग पर भारी भूस्खलन और नदी में एक कार के फंस जाने की खबर है।

राज्य में हो रही भारी बारिश के कारण नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है जिससे निचले भागों में बाढ़ का खतरा बना हुआ है। आपदा प्रबंधन सचिव रणजीत सिंह का कहना है कि मौसम विभाग द्वारा राज्य में भारी बारिश की चेतावनी के बाद उन्होंने सभी जिलाधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य में 5 एनडीआरएफ व 42 एसडीआरएफ की टीमों को सर्वाधिक प्रभावी संभावना वाले क्षेत्रों में तैनात किया गया है लोगों को हिदायत दी गई है कि वह अति आवश्यक होने पर घर से बाहर जाएं तथा नदी नालों से दूर रहे। आपदा प्रबंधन के लिए जेसीबी से लेकर राफ्ट बोट और हेलीकॉप्टरों को भी स्टैंडबाई पर रखा गया है जहां जरूरत पर इनका इस्तेमाल किया जा सके।

# मुख्य सचिव ने प्रदेशभर में चिल्ड्रन ट्रैफिक पार्क बनाने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु की अध्यक्षता में मंगलवार को राज्य सड़क सुरक्षा कोष प्रबन्ध समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग और लोक निर्माण विभाग के वित्तीय वर्ष 2022 - 23 के लिए विभिन्न प्रस्तावों को अनुमोदन किया गया।



बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने प्रदेशभर में चिल्ड्रन ट्रैफिक पार्क बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने देहरादून, नैनीताल, हरिद्वार और उधमसिंह जैसे अधिक ट्रैफिक दबाव वाले क्षेत्रों से इसकी शुरुवात किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चे बहुत जल्दी सीखते हैं और उसे जिन्दगी भर याद रखते हैं। इससे बच्चों में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और आने वाले समय में देश और प्रदेश को ट्रैफिक नियमों के प्रति जिम्मेदार नागरिक मिलेंगे।

मुख्य सचिव ने दुर्घटनाओं को रोकने हेतु रोड इंजीनियरिंग वर्क्स के लिए प्रत्येक जिले में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समितियां बनाई जाएं। इन समितियों में स्टेक होल्डर विभागों को भी

**❑राज्य सड़क सुरक्षा कोष प्रबन्ध समिति की बैठक आयोजित**

शामिल कर संवेदनशील क्रॉसिंग अथवा पॉइंट्स का ट्रीटमेंट प्लान तैयार कर सुधारीकरण किया जाएगा।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को 10, 15 मिनट की विडियोज बनाकर स्कूलों में बच्चों को दिखाए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे बच्चों में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को प्रदेश की सड़कों में शीघ्र से शीघ्र ब्लैक स्पॉट को ठीक किए जाने और क्रैश बैरियर लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों में साइनेज आदि की उचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर सचिव श्री अरविंद सिंह ह्यांकी, एडीजीपी लॉ एंड ऑर्डर वी. मुरूगेशन, सचिव विनोद कुमार सुमन, अपर सचिव गृह श्रीमती रिद्धिम अग्रवाल सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# पुलिस पर फायरिंग कर फरार हुआ बदमाश गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। कई मुकदमों में वांछित चल रहे बदमाश को एसओजी टीम ने पंजाब से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर विभिन्न धाराओं में 17 मुकदमें चल रहे है जिनमें से एक पुलिस पर फायरिंग कर फरार होने का मामला भी शामिल है।

एसएसपी उधमसिंहनगर मंजूनाथ टीसी ने बताया कि वांछित बदमाश गुरबाज सिंह उर्फ माडू को थाना सिटी जलालाबाद, जिला फाजिल्का पंजाब से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी के लिए गठित की गई संयुक्त पुलिस टीम पर गुरबाज द्वारा 24 मार्च, 2021 को ग्राम बिचुवा, थाना नानकमत्ता में फायरिंग भी की थी।



पूछताछ में गुरबाज ने बताया कि वह बचपन से ही आपराधिक कार्यों में लिप्त है। पुलिस पर फायरिंग की घटना के बाद वह अपनी बहन सीमा के घर हरियाणा चला गया था। वहां विवाद होने पर वह दूसरी बहन सिमरन के घर पंचायती बस्ती, थाना सिटी जलालाबाद, जिला फाजिल्का पंजाब में रहने लगा। एसएसपी ने बताया कि उसके पास से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक अदद खोखा 315 बोर बरामद किया गया है।

## एसबीआई कस्टमर केयर अधिकारी बन ठगे तीन लाख

देहरादून (सं)। एसबीआई कस्टमर केयर अधिकारी बनकर तीन लाख रूपयों की ठगी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूद्वारा कालोनी निवासी संजीव कुमार पाल ने क्लेमनटाउन थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके मोबाइल पर एक कॉल आयी फोन पर अपने को एसबीआई का कस्मर केयर अधिकारी बताकर उससे कार्ड से सम्बन्धित जानकारी देते हुए प्ले स्टोर से एसबीआई एप डाउन लोड कराया उसके बाद एप के माध्यम से कार्ड की सभी डिटेल भराई गयी उसके बाद कार्ड नम्बर ,जन्म तिथि, नाम आदि सभी डिटेल पूर्ण होने के बाद उसके कार्ड से भिन्न-2 ट्रांजक्शन करके लगभग 3,00,000 रुपये को डेबिट किया गया।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट
कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808
*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*